Regarding situation arising out of delay in running of sub-urban trains of Central Railways in Mumbai

श्री संजय दीना पाटिल **(मुंबई उत्तर-पूर्व) :** सभापति महोदय, ट्रेन मुंबई की लाइफलाइन है । सेंट्रल रेलवे में हर दिन 40 लाख लोग सफर करते हैं । पिछले साल से ट्रेन्स बहुत डिले हो रही हैं और उनका कैंसलेशन भी बहुत हो रहा है । इस कारण बहुत दिक्कतें हो रही हैं । पिछले दो महीनों से तो बहुत ज्यादा समस्या बढ़ गई है । इस मामले में बार-बार विनती करने के बावजूद भी कोई अधिकारी इस समस्या पर ध्यान नहीं दे रहा है । इसके कारण काम करने जाने वाले लोग, गवर्मेंट के एम्पलॉइज़ या स्कूल जाने वाले बच्चे, सभी को दिक्कत हो रही है । उनके एग्ज़ाम्स तक कैंसल हो जाते हैं, एग्ज़ाम्स सेंटर्स तक जाने में दिक्कत हो जाती है । अधिकारी कुछ भी कर के इस स्थिति में कुछ परिवर्तन नहीं ला पा रहे हैं । मेरी विनती है कि जो भी अधिकारी इसके लिए जवाबदेह हैं, उन पर कार्रवाई की जाए । जल्द से जल्द यह समस्या दूर हो, क्योंकि मुंबई के लोगों को बहुत दिक्कत हो रही है । इसके लिए जल्द से जल्द कार्रवाइ हो, मैं ऐसी विनती करता हूँ । धन्यवाद ।